# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–25 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मन की बात कार्यक्रम में कहा है कि एक पेड़ मां के नाम अभियान ने केवल पांच महीनों में 100 करोड़ पेड़ लगाने की महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त कर ली है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 116वीं कड़ी में प्रधानमंत्री ने पूरे देश के लोगों के इस अभियान में भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के कानपुर प्लॉगर्स ग्रुप की भी प्रशंसा की। यह ग्रुप सुबह की सैर के दौरान गंगा नदी के किनारे प्लास्टिक और दूसरे कचरे को एकत्रित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस तरह के प्रयास भारत के स्वच्छता अभियान को गति देते हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज राष्ट्रीय कैडेट कोर–एनसीसी दिवस है। उन्होंने बताया कि इससे प्राप्त अनुभव अमूल्य है। श्री मोदी ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और सेवा की भावना पैदा करती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में एनसीसी को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र के मामले में वृद्धजनों की सहायता करने वाले लखनऊ के वीरेंद्र की प्रशंसा की। मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण को वाराणसी, कानपुर, कुशीनगर, गोरखपुर सहित विभिन्न जनपदों में सुना गया।

**********

संभल में आज जामा मस्जिद का दोबारा सर्वे करने गई टीम पर पथराव, आगजनी और फायरिंग में तीन युवकों की मौत हो गई है, जबकि कई पुलिसकर्मी घायल हैं। स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह और डीआईजी मुनिराज समेत अन्य पुलिस अधिकारियों ने इलाके का भ्रमण किया है। पत्थरबाजी करने वालों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई कर रही है। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर सर्वे किया जाना था। शांतिपूर्ण तरीके से टीम सर्वे का काम कर रही थी। इस दौरान कुछ लोग एकत्रित होकर जामा मस्जिद के बाहर नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने जब उन्हें रोकने का प्रयास किया तो भीड़ की ओर से पत्थरबाजी और आपस में एक दूसरे पर फायरिंग शुरू कर दी गई। जिसमें तीन लोगों की हो गई। पुलिस की ओर से कई लोगों को हिरासत में भी लिया गया है। उपद्रवियों में महिलाएं भी शामिल हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के समापन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि ज्ञानवान और शीलवान बनने के साथ विज्ञान अउर तकनीकी के अनुकूल होकर समय के प्रवाह की गति को समझना अपरिहार्य है। समय के प्रवाह की दुर्गति से बचने के लिए जरूरी है कि हम विज्ञान और तकनीकी से भागें नहीं, बल्कि इसके सापेक्ष खुद को तैयार करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ट्रेनिंग एंड एजुकेशनल सेंटर फॉर हियरिंग इम्पेयर्ड (टीच) ठाणे, मुंबई के सह संस्थापक दीपेश नायर को प्रोफेसर यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही ने की।

**********

काशी से तीर्थराज प्रयाग जाने वाली महाकुम्भ–2025 के लिए बसें एक रंग में दिखाई देंगी। इससे यात्री दूर से ही देख कर महाकुंभ की बसों को पहचान सकेंगे। वहीं वाराणसी परिक्षेत्र के 8 डिपो से कुल 320 बसें महाकुंभ मेले के लिए आवंटित की गई हैं। प्रयागराज में जनवरी से महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। ऐसे में श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए सुगम और सुरक्षित यात्रा कराने के लिए प्रदेश सरकार तैयारियों में जुटी है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम वाराणसी के क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए बस स्टेशनों पर हेल्प डेस्क 24 घंटे सक्रिय रहेगा।

**********

अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक दूसरे दिन भी जारी है। राम मंदिर के शिखर और परिसर में बन रहे मंदिरों का निर्माण जनवरी तक पूरा करने की तैयारी है। मंदिर समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने श्रमिकों की संख्या दोगुनी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि शिखर को छोड़कर इसी माह के अंत तक पत्थर लगने का कार्य पूर्ण हो जाएगा। राम मंदिर के शिखर में 55 हजार क्यूबिक फीट पत्थर अभी और लगने है। निर्माण कार्य में लगभग 800 मजदूर लगे हुए है।

**********

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक व राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने आज लखनऊ के चमरौली स्थित खालसा कॉलेज में 100 बेड वाले गुरु नानक हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री पाठक ने कहा कि सिख समाज ने समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि उन्नाव में गांव के आसपास उच्च कोटि के चिकित्सा संस्थान की बड़ी आवश्यकता थी। इससे आने वाले समय में उन्नाव के लोगों को बहुत लाभ मिलेगा।

**********

दशमोत्तर छात्रवृत्ति से वंचित रह गए सामान्य वर्ग के 7416 विद्यार्थियों को प्रदेश का समाज कल्याण विभाग जल्द ही छात्रवृत्ति देगा। इसके लिए 17 करोड़ रुपये जारी किए गए है। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतन्त्र प्रभार असीम अरुण ने आज लखनऊ में बताया कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में विभिन्न कारणों से जो सामान्य वर्ग के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह गए थे, उनके लिए 17 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की गई है।

**********